

## एक नजर में

### शहीद भगत सिंह की जन्म जयंती मनाई



**सतवास।** महाराणा प्रताप चौराहा पर, रामविलास जाट के नेतृत्व,सर्व समाज द्वारा शहीद भगत सिंह की 118वी जन्म जयंती मनाई गई जिसमें पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम पटेल ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक ऐसे वीर योद्धा की हम जन्म जयंती मना रहे हैं जिन्होंने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया और हंसते हंसते फ़ाशी के फंदे पर झूल गए हमें उनके सिद्धांतों पर चलना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के रामविलास जाट ने कहा कि इंकलाब जिंदाबाद के नारे से आज़ादी का अलख जगाने वाले शहीद भगत सिंह जी को याद करते हुए हमे बड़ा गर्व होता हैं। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष नारायण व्यास, मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीय,नितिन राव मराठा,ओम प्रकाश उपाध्याय, सोनू दरबार, लखन दरबार,राजू जाट, शंकर पटेल, रामनिवास डूडी, रोहित जाट, कैलाश गोदारा, अफजल साकार, रामदीन गुर्जर, अरविंद भारी,ऋषभ जाट आदि ने पुष्प अर्पित किए।

### माता के दर्शन को पैदल जा रहा है भक्तों का स्वागत किया



**देवास।** जिला मुख्यालय देवास पर स्थित मां चामुंडा माता एवं तुलजा भवानी माता मंदिर टेकरी स्थित पैदल चलकर दर्शन करने जा रहे भक्तों का रात्रि के समय स्वागत द्वारा लगा करके स्वागत किया। मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन धर्म जागरण शाखा संभाग इकाई उज्जैन द्वारा देवास शहर में टाटा चौराहे पर स्वागत द्वारा लगा करके कन्या पूजन किया एवं पैदल जा रहा है भक्तों को चाय पानी एवं फलों की निशुल्क व्यवस्था की गई। इस दौरान अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मालवा प्रांत के स्वयंसेवकों ने भी इस पवित्र कार्य में आकर के सेवाएं दी एवं कन्या पूजन किया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सुहाग पुडलिक, मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई के अध्यक्ष पवन हिंदू, धर्म जागरण शाखा संभाग इकाई उज्जैन के अध्यक्ष कमल किशोर कुंडल, संभागीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, देवास वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर धाकड़, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कन्नौद ब्लाक के समन्वयक नीरज द्विवेदी आदि माता के भक्तों ने देर रात तक पैदल जा रहा है भक्तों के सेवा में समय दिया।

### भगत सिंह को याद करते हुए युवाओं ने किया रक्तदान



**बागली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन होता है। लेकिन स्थाई ब्लड बैंक नहीं होने से जो युवा साथी रक्तदान करना चाहते हैं वहां कर नहीं पाते ऐसी स्थिति में स्थानीय निजी अस्पताल में जब भी किसी जरूरतमंद को संबंधित ग्रुप के रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो वह रक्तदाता ग्रुप में मैसेज करके अपनी समस्या बताते हैं ऐसी स्थिति में ग्रुप के सदस्य तत्काल संबंधित अस्पताल जाकर रक्तदान करने में तत्परता दिखाते हैं रविवार को भगत सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष गोपी किशन अजमेरा एवं विशाल सिंह तंवर ने स्वैच्छिक रक्तदान करते हुए कहा कि किसी भी महान क्रांतिकारी के जन्म जयंती पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधे लगाने के साथ-साथ रक्तदान करने की होड भी साथियों में रहे तो पर्यावरण के साथ-साथ कहीं गंभीर मरीजों की जान भी बचाई जा सकती है। नगर में अत्यधिक बार रक्तदान के लिए चर्चित प्रताप सिंह डाबी ने बताया कि युवा समय-समय पर रक्तदान कर आम लोगों की जान बचाने का कार्य प्राथमिकता से करें। साथ ही उन्होंने बागली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक शुरू करने की मांग भी की है।

### मीणा के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**देवास।** मीणा समाज के समाजसेवी सीताराम गोठवाल के निधन पर उनके निवास स्थान पहुंचकर कर मध्य प्रदेश वसूली पटेल संघ के ग्राम पटेल पलासी के सुरेश पटेल सरपंच प्रतिनिधि लखन उईके मलजीपुरा पटेल जगदीश प्रसाद शर्मा कचरू राठौर शिव राठौर हरि राठौर सीताराम मरमट कमल धनावत रमेश जोनवाल पत्री गोपाल धनावत दिलीप छानवाल सुनील छानवाल गणेश राठौर दीपचंद गवली आनंद जोशी छगन मुकाती हरि प्रसाद मुकाती कन्हैया छानवाल प्रकाश पटाक दुर्गेश राठौर संतोष फरद आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय में किया श्रमदान



**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार दिनांक 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रस्तावित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 28/09/2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय महाविद्यालय,देवास के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा के मार्गदर्शन में एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संजय गाड़गे के समन्वय से महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया एवं परिसर की साफ सफाई की गई और महाविद्यालय में स्थित स्मारकों की सफाई की गई। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ संजय गाडगे ने कहा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हम सभी आज यह संकल्प लेते हैं कि महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त तथा स्वच्छ बनाएंगे। डॉ संजय सिंह बरौनिया द्वारा कैडेट्स को स्वच्छता का महत्व बताकर गंदगी से होने वाली बीमारियों पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का समन्वय इको क्लब प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत, डॉ श्याम सुंदर चौधरी एवं डॉअरुण कुशवंशी द्वारा किया गया।

## स्वदेशी संकल्प पत्र भरकर आत्मनिर्भर भारत का लिया संकल्प

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात का 126वां संस्करण**



**देवास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें संस्करण का रविवार को देवास विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 183 स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना और उनके संदेश को आत्मसात किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देशवासियों से 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में हमें स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, बल्कि अपने कारीगरों और छोटे उद्यमियों का भी हौसला बढ़ाना है। जब हर भारतीय स्वदेशी अपनाएगा तो भारत की ताकत और आत्मनिर्भरता और सशक्त होगी। उन्होंने युवाओं से स्टार्टअप और इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि नए भारत की पहचान आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता से है। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी संकल्प पत्र भरकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि मैंने स्वयं संकल्प पत्र भरकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। आप सभी कार्यकर्ता और नागरिक भी स्वदेशी संकल्प पत्र भरें और देश को आत्मनिर्भर बनाने के इस अभियान में सहभागी बनें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेश को समाज में प्रसारित करने और हर घर तक आत्मनिर्भर भारत का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## महामंडलेश्वर राधे-राधे बाबा ने किए माता के दर्शन



**देवास।** अखिल भारतीय संत समिति के राष्टीय संयुक्त महामंत्री राधे-राधे बाबा (पूर्व राज्य मंत्री) मध्यप्रदेश शासन द्वारा छट तिथि पर मां तुलजा भवानी चामुंडा माता के दर्शन व पूजन कर सभीजनो की मंगलकामना को लेकर प्रार्थना की। संत श्री के साथ प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष धनंजय गायकवाड, राजेश पांचाल, आदित्य श्रीवास्तव, जयंत गोयल, धनंजय अहीरवाल, अजय कुरावरे, यतीश पहाड़िया, पुरुषोत्तम सिसोदिया, कृष्णा सोनी आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मोंटी जाधव ने दी।

## कैफे के पास युवती से छेड़छाड़,आरोपी गिरफ्तार

**एससी एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में प्रकरण दर्ज**



**देवास।** शहर में महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सख्ती दिखाई है। रामनगर चौराहे के पास स्थित हम्टी डम्टी कैफे के बाहर हुई छेड़छाड़ की घटना में थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी माजिद अली निवासी बड़ा बाजार, देवास ने एक युवती से छेड़छाड़ की थी। पीड़िता अनुसूचित जाति वर्ग की है। आरोपी ने यह जानते हुए भी उसके साथ गलत हरकत की। शिकायत पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 74, 78(1) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 3(1)(डब्ल्यू आई), 3(2)(व्हीए) अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई विधिक प्रावधानों के तहत की जाएगी।

## ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में रोशन हुई मोहब्बत की समां

**देशभर से आए शायरों व कवियों ने खूब दाद बटोरी**



**देवास।** हिन्दुस्तान की मुकद्दस और पाकीजा सरजमीन जिसकी मिट्टी में त्याग, सम्मान, प्रेम, सद्भावना, भाईचारे की खुशबू महकती है। ऐसे कई मौके आते हैं के इस वतने अजीज को इस मातृभूमि को जब जब अंधेरे में धकेलने की काशिश की है तब तब इस देश की अमन पसंद अवाम ने उन नफरतों को मोहब्बतों का चराग जलाकर खत्म किया। ऐसी ही रोशनी की शमा अंजुमन स्कूल में आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में जलाई गई। मंच ऑफ कारवाने मोहब्बत ऑल इंडिया हिन्दी उर्दू ट्रस्ट के द्वारा यह महफिल सजाई गई जो कि वरिष्ठ समाज सेवी सुल्तान असरार अहमद अशरफी हाथी वाले की सरपरस्ती व शायर अकबर देवासी की सदारत में संपन्न हुई। कार्यक्रम में ठा. जयसिंह, प्रदीप चौधरी, पार्षद बाली घोसी, पार्षद आबिद हुसैन, पार्षद मुस्तफा अहमद, पार्षद वसीम हुसैन, पार्षद नितिन आहूजा कालूबोस, वीरेन्द्रसिंह ठाकुर सरपंच, समीरूल हक उज्जैन, डॉ. अ.हन्नान फारूकी, एडव्होकेट मिर्जा मसउद अहमद, डॉ. रईस कुरेशी, लियाकत हुसैन मिलन, जुबेर मदनी, इदरिस गौरी के साथ सर्व समाज के वरिष्ठजन, साहित्यप्रेमी देर रात तक उपस्थित रहे। फीता काटकर एवं शमा रोशन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

यूपी से पधारे शायर फारूक बिजनोरी, उज्जैन से पधारे मुश्ताक सर को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। शामली यूपी से आए शायर वसीम झिन्झानवी ने संचालन किया। कसीम अहमद अशरफी ने नाते पाक पढ़कर मुशायरे का आगाज किया। फारूक बिजनौरी ने देशभक्ति गीत पढ़कर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। देशभर से आए शोअरा व मकामी शोअरा ने अपने कलाम पढ़कर खूब दाद बटोरी, आखिर में सभी शोअरा व कवियों को शकील पठान पत्रकार, शोएब अशरफी बबलू, शाकिर शेख नागदा, सै. जफर अली अशरफी, परवेज विनर अशरफी ने प्रतीक चिन्ह भेंट किये। राजा कुरेशी, तनवीर शेख, आमिर हुसैन, शेहजाद पठान मुकादम, आरिफ वारसी ने सभी का इस्तकबाल किया। ऑल इंडिया मुशायरे के आयोजक शादाब अशरफी व डॉ. शरीफ जमाल ने सभी का शुक्रिया अदा किया व शरीफ खान मामू ने आभार व्यक्त किया।

## सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग व्याख्यान के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया

**बीमारी के विभिन्न लक्षणों के संबंध में वृहद रूप से चर्चा की**



**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार दिनांक 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रस्तावित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 27/09/2025 को श्री कृष्णाजी राव पवार शासकीय महाविद्यालय, देवास में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग व्याख्यान के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग केंद्र, देवास संभाग से डीटीओ डॉ अमरीन शेख मैडम, डब्ल्यूएचओ से डॉ संकल्प, (सीपीएमपी से सहयोगी बलराम देवड़ा एमटी), डीपीसी श्रुति जायसवाल, पीसी सतीश शर्मा , एसटीएस मोहन शिंदे सर, हुकुम सिंह परमार सर, राकेश मालवीय एवं स्टाफ उपस्थित रहा। इस जागरूकता अभियान के तहत डॉ संकल्प द्वारा सिकल सेल एनीमिया बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को समझाया गया और उन्हें मोटिवेट किया गया कि वह बीमार व्यक्तियों की सहायता करें। डॉ अमरीन शेख ने इस बीमारी के विभिन्न लक्षणों के संबंध में वृहद रूप से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि यह बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है जिसमें यह माता-पिता से होने वाले शिशु को हो सकती है। इसमें लाल रक्त कोशिकाओं के कमी से होने वाली स्थिति बन जाती है इसके कारण लाल रक्त कणिकाएं सिकल के आकार की हो जाती है और इस कारण ये कोशिकाएं रक्त वाहिकाओं में फस जाती हैं जिससे रक्त प्रवाह में रुकावट आती है और तेज दर्द होता है या दर्द हाथों पैरों छाती और पीठ में हो सकता है शिशुओं में यह सिकल सेल एनीमिया का एक शुरुआती और सामान्य लक्षण है त्वचा और आंखों के सफेद भाग का पीला पड़ना जो बिलीरूबिन के जमा होने के कारण होता है सिकल सेल रोग प्लीहा तिल्ली को प्रभावित करता है जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है कोशिकाएं मस्तिष्क में छोटी रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध कर सकती है जिससे स्ट्रोक हो सकता है आदि इस तरह की कोई भी लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा द्वारा भी विद्यार्थियों को संबोधित किया गया उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना ध्यान रखना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर अन्य संक्रमित व्यक्तियों की सहायता करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर समिति संयोजक कैप्टन डॉ संजय सिंह बरोनिया, एनसीसी नोडल अधिकारी डॉ संजय गाडगे , समिति सदस्य डॉ आराधना डिकुना, डॉ प्रीति मालवीय, डॉ संदीप नागर, खुशबू बैग सहित समस्त स्टाफ एवं एनसीसी के सभी छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन संजय सिंह बरौनियां द्वारा किया गया एवं आभार डॉ संजय गाडगे द्वारा माना गया।

## गायत्री शक्ति पीठ कन्नौद में शरद पूर्णिमा तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम



**कन्नौद।** गायत्री शक्तिपीठ कन्नौद मे माँ गायत्री के श्री चरणो मे अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से अश्विन शुक्ल दुर्गा नवमी तक नियमित रूप से गायत्री महामंत्र साधना अनुष्ठान संचालित हो रहा है। गायत्री शक्तिपीठ के प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा ने बताया कि जन कल्याण की भावना से प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 5 बजे से गायत्री महामंत्र की सामूहिक साधना एवं 7बजे से ब्रह्म वादिनि बहिनों के द्वारा पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया जा रहा है। हरिप्रसाद पांडेय ने बताया कि सायंकाल दीप यज्ञ के साथ आरती कार्यक्रम किया जा रहा है । इस धार्मिक, आध्यात्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों मातृशक्तियां एवं देवतुल्य भाई उपस्थित हो रहें हैं। स्मरण रहे कि कि गायत्री शक्तिपीठ पर वर्ष में दोनों नवरात्रि में साधनात्मक अनुष्ठान होते हैं। तथा हमेशा प्रतिदिन प्रातः यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार सम्पन्न होते हैं। नवरात्रि के समापन अवसर पर दिनांक 5 अक्टूबर रविवार को गायत्री परिजनों एवं सभी के सहयोग से सामूहिक कन्या भोजन, भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## बाबा महेश्वरानन्द जी की 51 वीं पुण्यतिथि मनाई

**सोनकच्छ।** शनिवार को नगर के प्राचीन श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर उदासीन आश्रम के ब्रह्मलीन बाबा श्री 108 महेश्वरानन्द जी की 51 वीं पुण्यतिथि भक्तों द्वारा भक्ति भाव से मनाई गई। रात्रि में आरती के पश्चात् महाप्रसादी का वितरण किया गया व देर रात तक भजन कीर्तन किए गए। इस पुण्य अवसर पर सुबह से लेकर देर रात्रि तक नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए बाबा साहब के भक्तों ने मन्दिर पंहुचकर,वहां स्थित बाबा की प्रतिमा के दर्शन कर शीष नमाया। भक्तो ने बाबा को शाल ओड़ाई तो किसी ने मोतियों की माला अर्पित की, किसी ने फलों का भोग लगाया तो किसी ने मिठाई, हलवे का। भक्तो ने अपनी-अपनी श्रद्धानुसार पूरे भक्ति भाव से बाबा साहब को भेंट चढ़ाई व आशीर्वाद प्राप्त किया। रात्रि 8.00 बजे बड़ी भक्तों की उपस्थिति में बाबा की संगीतमय आरती की गई व हलवे की प्रसादी का वितरण किया गया। बाबा के मंदिर को विभिन्न प्रकार के फुलों व मालाओं से आकर्षक सज्जा सामग्रीयों से सजाया गया था। 20 अक्टूम्बर 1974 को शारदीय नवरात्रि की पंचमी को बाबा साहब ने देह त्यागी थी।

## 38वीं पुरुष एवं 34 वीं महिला राज्यस्तरीय आटिया- पाटिया प्रतियोगिता का शुभारंभ



**देवास।** जिला आटिया पाटिया एसोसिएशन एवं पद्मजा हायर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में 38 वीं पुरुष एवं 34 वीं महिला सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष का शुभारंभ पद्मजा हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मनोज राजानी उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ कोमल जैन डायरेक्टर पदमजा हायर सेकेंडरी स्कूल, विशेष अतिथि इंदु जगदीश चंद्र वर्मा, पी एन तिवारी, राहुल पवार, के मुख्य अतिथि में हुआ। अतिथियों का स्वागत स्वप्निल जैन, अनिल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, मयूरी वर्मा, रागिनी चौहान, शशिकांत सर, पंकज वर्मा, योगेश द्विवेदी, मोहित शर्मा, श्रीकांत अटवाल, मिलन चौहान आदि ने किया। मुख्य अतिथि मनोज राजानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रगति एथलेटिक्स क्लब निरंतर किसी न किसी खेल के राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं करते रहता है और यहां से मध्य प्रदेश की टीम चयनित होकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेती है एवं उत्कर्ष प्रदर्शन कर कई स्वर्ण पदक एवं रजत पदक अर्जित कर चुकी है। आशा है इस वर्ष भी यहां से बनने वाली टीम मध्य प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलवाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं मेहनत करते रहने को प्रोत्साहित किया। विशेष अतिथि पी एन तिवारी ने बच्चों से मां दुर्गा के मंत्र बुलवाकर नवरात्रि के महत्व को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन भरत वर्मा ने किया एवं आभार राजीव श्रीवास्तव ने माना।

**एक नजर** पारम्परिक वेशभूषा धारण कर किया शक्ति की देवी मां दुर्गा के समक्ष गरबा तथा डांडिया

## शक्ति की भक्ति में डूबे नन्हे बालक- बालिकाएं





**देवास।** नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को देवास के वार्ड क्र 14 स्थित शासकीय विद्यालय बीराखेडी में बाल सभा का आयोजन किया गया। उसके बाद विद्यालय की नन्ही नन्ही बालिकाओं एवं बालकों ने पारम्परिक वेशभूषा धारण कर शक्ति की देवी मां दुर्गा के समक्ष गरबा तथा डांडिया नृत्य कर सभी उपस्थित ग्रामवासियों एवं स्कूल स्टाफ का मन मोह लिया। गरबा नृत्य के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षिका आशा अग्रवाल, प्रदीप खोचे सहित संस्था के धीरेन्द्रसिंह राणा, राकेश चौधरी, बिन्दुबाला शर्मा, ज्योति गुप्ता, अशोक बुनकर उपस्थित रहे और बच्चों के साथ गरबा भी किया। गरबा कार्यक्रम का संयोजन अशोक बुनकर द्वारा किया गया। गरबा एवं डांडिया नृत्य में विशेषकर जागृति परिहार, लक्ष्मी चौधरी, शीतल मालवीय, शिवानी पासवान, दीपिका गुजराती, सिमरन, अलशीफा, जया सोलंकी, राम भूरिया, आनंद अहिरवार ने श्रेष्ठ प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को केले का प्रसाद वितरण किया गया।

## उज्जैन मां शिप्रा के पुजारियों ने उतारी माता की आरती





**भौरासा।** नगर के सभी गली मोहल्ले में नवरात्रि की धूम मची हुई जगह जगह पंडालों में गरबे के आयोजन किए जा रहे हे भक्तो में मां दुर्गा की उपासना को लेकर काफी उत्साह देखने में आ रहा हे जिसमे बच्चो से लेकर बड़े तक मां दुर्गा की उपासना के लिए अलग अलग श्रद्धा रख रहे हे जिसमे मोन व्रत,चप्पल छोड़ना, पैदल माता मंदिर पहुंचना जैसे अलग अलग श्रद्धा अनुसार अपनी उपासना कर रहे इसी कड़ी में बस स्टैंड पर स्थित पिछले 35 वर्षों से नगर में माता जी की स्थापना की जा रही है। यहां प्रतिदिन बालिकाएं गरबे की प्रस्तुति दे रही है वहीं आज उज्जैन से शिप्रा मैया के पंडितों के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ मां गंगा की आरती उतारी गई जिसे देखने लोगों की भीड़ उम्रड पड़ी देखते ही देखते पूरा बस स्टैंड एक भक्ति मय माहौल में डूब गया वहीं संस्था के संयोजक पार्षद रोहित जायसवाल के द्वारा बताया गया कि यहां यह आयोजन प्रतिदिन हो रहे हैं और आज भी गुजरात से पधारी बालिकाओं के द्वारा मां कालिका का रूप धारण कर गरबे की अद्भुत प्रस्तुति दी जावेगी।